C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com     Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:45 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:85 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 68 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 29 अगस्त 2024



बादशाह में ट्विंकल खन्ना...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सौम्या और शैली अस्मिता खेलो इंडिया नॉर्थ जोन विमेंस योग चैंपियनशिप में करेंगी प्रतिभाग





**हल्द्वानी।** बीएलएम एकेडमी में कक्षा सात की छात्रा सौम्या जोशी और शैली सैनी भारतीय खेल प्राधिकरण के बैनर तले योगासन भारत के तहत गोरखपुर में आयोजित हो रही अस्मिता खेलो इंडिया नॉर्थ जोन विमेंस योग चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी । 12 वर्षीय सौम्या जोशी अंतर्राष्ट्रीय योग प्रशिक्षक योगाचार्य हेमंत जोशी की और योगाचार्या नीता जोशी की सुपुत्री हैं। शैली सैनी के माता पिता उत्तराखंड पुलिस में कार्यरत हैं। प्रबंधक साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, प्रधानाचार्या डा. गायत्री कँवर उप प्रधानाचार्या संगीता माथुर समेत समस्त विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

### प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बांटी खाद्य सामग्री



**हल्द्वानी।** समाजसेवियों ने गौलापार के प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र गोविंद ग्राम खेड़ा में बच्चों को खाद्य सामग्री बांटी। समाजसेवी हेमंत गोनिया, अमित रस्तोगी, हरीश चंद्र जोशी व संतोष बल्यूटिया ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय के 36 व आंगनबाड़ी केंद्र में 18 बच्चों को जूस, चाकलेट, बिस्किट वितरण किया। साथ ही बच्चों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया गया। इस बीच विद्यालय की प्रधानाचार्य ज्योति आर्य, आंगनबाड़ी केंद्र की कमला आर्य, सरोजिनी बिष्ट ने समाजसेवियों के इस कार्य की सराहना की। गौरतलब है कि पूर्व में भी समाजसेवियों ने प्राथमिक विद्यालय में सफाई अभियान चलाया था।

# मंजूरी: औद्योगिक स्मार्ट शहर की तर्ज पर विकसित होगा खुरपिया किच्छा

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

मोदी कैबिनेट ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 12 औद्योगिक नोड/शहरों को मंजूरी दी। जिसमें उत्तराखंड के खुरपिया किच्छा को चुने जाने पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए इसे किच्छा के विकास के लिए एतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि आज नरेंद्र मोदी कैबिनेट द्वारा लिए गए ऐतिहासिक निर्णय से भारत जल्द ही स्वर्णिम चतुर्भुज के आधार पर औद्योगिक स्मार्ट शहरों की एक भव्य श्रृंखला स्थापित करेगा। नरेंद्र मोदी सरकार ने भारत के औद्योगिक परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए 28,602 करोड़ रुपये की 12 परियोजनाओं को हरी झंडी दी। प्लग-एन-प्ले और वॉक-टू-वर्क अवधारणाओं के साथ मांग से पहले विश्व स्तरीय ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों का निर्माण किया जाएगा। निवेश और संतुलित क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा देने के लिए मजबूत, टिकाऊ बुनियादी ढांचा, विकसित भारत के विजन के अनुरूप, ये परियोजनाएं निवेशकों के लिए उपलब्ध भूमि के साथ वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका को मजबूत करेंगी। पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने आज एक ऐतिहासिक निर्णय में, राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है। यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने के लिए तैयार है। जिससे औद्योगिक नोड्स और शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा जो आर्थिक विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को... ...शेष पेज 3 पर



प्रतीक फोटो

**12** नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दे दी है

**06** प्रमुख गलियारों के साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा

*किच्छा को एक अलग पहचान मिले जिसके लिए उन्होंने तत्कालीन विधायक के रूप में भाजपा सरकार में विशेष प्रयास किया गया जिसका परिणाम सामने आ रहा हैं।*
*-पूर्व विधायक शुक्ला*

जम्मू-कश्मीर पुलिस में तीन जगहों पर एनकाउंटर

# कुपवाड़ा में सुरक्षाबलों ने तीन को किया ढेर, राजौरी में मुठभेड़ जारी

जम्मू-कश्मीर/नई दिल्ली
एजेंसी

राजौरी में मुठभेड़ खेड़ी मोहरा लाठी और दंथल इलाके में बुधवार (28 अगस्त) देर रात शुरू हुई। इलाके में दो से तीन आतंकी छिपे होने की आशंका है। उधर, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार और माछिल में तीन आतंकियों के मारे जाने की खबर है।

कुपवाड़ा में दो अलग-अलग मुठभेड़ में तीन आतंकवादियों के मारे जाने की खबर है। सुरक्षाबलों ने माछिल में दो और तंगधार में एक आतंकी के मार गिराया है। कुपवाड़ा में अभी मुठभेड़ जारी है। वहीं, राजौरी में भी सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो रही है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। बताया जा रहा है कि इलाके में दो से तीन आतंकी छिपे होने की आशंका है। मुठभेड़ खेड़ी मोहरा लाठी और दंथल इलाके में बुधवार (28 अगस्त) देर रात शुरू हुई। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस बात की जानकारी दी है।



जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक, 28 अगस्त को रात 9.30 बजे सुरक्षाबलों ने राजौरी के खेड़ी मोहरा लाठी और दंथल के इलाकों में एक तलाशी अभियान शुरू किया। इस दौरान लभग 11.45 बजे आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ। जिसके बाद खेड़ी मोहरा इलाके के पास आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच गोलीबारी शुरू हो गई। उधर, उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के तंगधार सेक्टर में बुधवार देर रात घुसपैठ की कोशिश को सेना ने नाकाम किया। विधानसभा चुनाव में गड़बड़ी फैलाने की साजिश के तहत सीमा पार से आतंकियों को धकेलने की कोशिश की गई थी। पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गई है। ऐसा इनपुट था कि आतंकियों का ग्रुप एलओसी से तंगधार सेक्टर में घुसपैठ कर सकता है। इस सूचना पर एलओसी पर सतर्क सेना के जवानों ने मोर्चा लगाया था। देर रात खुशहाल पोस्ट के पास संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद जवानों ने ललकारा तो दूसरी ओर से आतंकियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई से मुठभेड़ शुरू हो गई। जवानों की ओर से पूरे इलाके की घेराबंदी कर रखी गई है ताकि अंधेरे का लाभ उठाकर आतंकी घुसपैठ करने में सफल न हो जाएं।

# सिडकुल में पैदल चल रहे युवक को ट्रक ने रौंदा, मौत

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**हादसा**

- मृतक यूपी के बरेली क्षेत्र का निवासी था, छोटे भाई के साथ कंपनी में काम तलाशने के लिए गया था

सिडकुल क्षेत्र में ट्रक ने पैदल चल रहे युवक को रौद दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया।

जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी लेने के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस के मुताबिक यूपी के जिला बरेली के गांव डंडिया बाबूराम सेंथल, नवाबगंज हाल ट्रांजिट कैंप निवासी 27 वर्षीय विनोद कुमार पुत्र राजकुमार सिडकुल की एक फैक्ट्री में एक-दो दिन पहले नौकरी की तलाश में उसका छोटा भाई प्रदीप रुद्रपुर आया हुआ था। आज सुबह विनोद कुमार अपने छोटे भाई प्रदीप कुमार के साथ नौकरी तलाश कर रहा था। प्रदीप विनोद को एक जगह बैठा कर कंपनी में कागज देने चला गया। विनोद को सड़क किनारे इंतजार करने को कहा और खुद फैक्ट्री में कागज देने चला गया। इसी बीच तेज रफ्तार ट्रक ने विनोद कुमार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख वहां पर भीड़ जमा हो गई। इसी बीच प्रदीप भी पहुंच गया। विनोद को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार कोहली पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मृतक विनोद विवाहित है और उसका एक छोटा बेटा भी है। सिडकुल चौकी प्रभारी ने बताया कि ट्रक की टक्कर से युवक की मृत्यु हुई है। ट्रक चालक को हिरासत में लिया गया है। तहरीर मिलने पर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। परिवार को भी सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि विनोद की मृत्यु की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

# चोरों ने सोने चांदी के जेवरात समेत हजारों की नगदी की पार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

**घटना**

- लड़की के घर से वापस लौटे तो घर का ताला टूटा देख दंपति के होश उड़े
- मामला थाना पंतनगर क्षेत्र जवाहर नगर का, मुकदमा दर्ज

थाना पंतनगर क्षेत्र जवाहर नगर में चोरों ने बंद मकान का ताला तोड कर कीमती जेवरात समेत हजारों की नगदी पार कर ले गए। मकान मालिक ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। जवाहरनगर निवासी रमेश सिंह पुत्र प्रेम सिंह ने पुलिस को बताया कि वह परिवार सहित 27 अगस्त 24 को शाम 7 बजे पुत्री के घर शान्तिपुरी गया था । घर जवाहरनगर आया तो देखा कि घर में दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि अलमारी से 2 मंगल सूत्र दो दो तोले के ,1 तोला कान के ,1 कान के कुन्डल 1तोला,1पायल चाँदी ,10जोड़े धागुले तथा 20000/-हजार रुपये नकद गायब थे। उन्होंने इसकी सूचना पंतनगर पुलिस को दी। रमेश सिंह ने पुलिस को तहरीर सौंपी और कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।



# सरकार गिराने की बात से गरमाई प्रदेश की सियासत

देहरादून
हमारे संवाददाता

पूर्व सीएम ने कहा कि सरकार गिराने की साजिश का बयान गंभीर है और हरहाल में इसकी जांच होनी चाहिए। यह बात कहां से आई, क्यों आई सत्यता सामने आना जरूरी है

भराड़ीसैंण विधानसभा में 500 करोड़ से प्रदेश की भाजपा सरकार को गिराने के निर्दलीय विधायक उमेश कुमार के बयान से प्रदेश की सियासत गरमा उठी है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने सरकार गिराने की साजिश वाले बयान को बेहद गंभीर बताया है।

उनका कहना है कि इस मामले की हर हाल में जांच होनी चाहिए। सोशल मीडिया पर निशंक की प्रतिक्रिया खूब वायरल हो रही है। इस मामले में विपक्ष ने उमेश कुमार पर तंज किया है कि धामी सरकार के गिराने की साजिश को लेकर उमेश कुमार क्यों परेशान हैं। बहरहाल, इस मसले पर सियासी हलकों में चर्चा गरम है। डॉ. निशंक का कहना है कि विधानसभा का सदन कोई नुक्कड़ नहीं कि वहां बिना प्रमाणिकता के कोई भी बात कह दी जाए। सदन की गरिमा है और यदि यह बात कही है तो इसमें सत्यता होगी। इसलिए इसकी गंभीरता को समझना चाहिए।

प्रदेश की जनता को यह जानने का अधिकार है कि आखिर सरकार गिराने की साजिश के पीछे कौन है? यह बात कहां से आई, क्यों और कहां आई? लोकतंत्र के लिए इससे खतरनाक बात कोई और नहीं हो सकती है कि एक चुनी सरकार को गिराने की कोशिश हो रही है। इसका खुलासा होना चाहिए। चूंकि यह बयान सदन में दिया गया है तो विधानसभा अध्यक्ष को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए।

उधर, निर्दलीय विधायक उमेश कुमार ने फेसबुक पर लिखा कि 500 करोड़ में सरकार गिराने की साजिश के सूत्र के बारे में पूछ रहे हो तो सुनो..... तुम क्या चाह रहे हो? सूत्र की हत्या हो जाए? मैं तो दावे के साथ इस बात को कह रहा हूं कि सरकार इसकी जांच कराएगी तो कई चेहरे बेनकाब हो जाएंगे। जिस सवाल को लेकर आपके मन में कुलबुलाहट हो रही है कि उमेश कुमार को कैसे पता? तो आपको बता दूं कि मैंने बहुत जिम्मेदारी से इस सवाल को उठाया है।



# हल्द्वानी में बाइक सवारों ने महिला से चेन झपटी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में चेन स्नैचिंग की घटनाएं फिर होने लगी हैं। रात में खाना खा कर घूमने निकली एक बुजुर्ग महिला के गले से बाइक सवारों ने सोने का मंगलसूत्र झपट लिया। महिला की ओर से मुखानी थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस ने चेन स्नैचरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

मुखानी थाना क्षेत्रान्तर्गत दयाल विहार निवासी रमा जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीती रात खाना खाने के बाद घूमने निकली थी। इसी दौरान बाइक सवार युवकों ने उसके गले से सोने का मंगलसूत्र झपट लिया और वहां से फरार हो गए। पीड़िता ने मामले की शिकायत मुखानी पुलिस में की है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### पुलिस ने निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले



## घर के बाहर खड़ी बाइक उड़ाई

**हल्द्वानी।** शहर में वाहन चोरी की घटनाएं फिर बढ़ने लगी हैं। चोरों ने बिठौरिया क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी बाइक चुरा ली। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी है। टांगा बांगापानी मुनस्यारी हाल निवासी घोड़ाखाल कालोनी लालडांठ निवासी गोकुल सिंह जेठा पुत्र भगत सिंह जेठा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि कि उसने अपनी बाइक 10 अगस्त की रात को अपने दोस्त के घर के बाहर खड़ी की थी। सुबह उसकी बाइक गायब थी। पीड़ित ने बाइक बरामद करने की गुहार लगाई है।

## युवक का आईफोन ले भागे लुटेरे

**हल्द्वानी।** शहर में बाइक सवार युवकों द्वारा एक युवक को आई फोन लूटने का मामला सामने आया है। युवक ने पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर आई फोन वापस दिलाने की मांग की है। राजेंद्र नगर राजपुरा निवासी कुनाल पुत्र कैलाश आर्या ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बीती रात अपने दोस्त के साथ मुखानी की ओर आ रहा था। जब वह केवीएम स्कूल के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लियया और गाली गलौज करने लगे। इसी दौरान वह धक्का देकर उसका आई फोन लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# राष्ट्रीय खेल दिवस पर विभिन्न खेलों का आयोजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर बुधवार को डीएसए के बास्केटबॉल ग्राउंड में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा के मंडल अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने कहा कि आज के छोटे छोटे बच्चे खेलो में हमारे भविष्य की निधि हैं।

उन्होंने विभन्न खेल प्रशिक्षक से आग्रह किया कि वे अपने खेल कौशल से छोटे छोटे खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर में पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करें। इस अवसर पर अतिथियों ने राष्ट्रीय खेल दिवस को हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद द्वारा 1928,1932 तथा 1936 में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने के लिए अभूतपूर्व योगदान को याद किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के फ न गेम्स आयोजित किए गए, जिसमें लगभग 150 बच्चों ने प्रतिभाग किया।

इस असवर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा भाजपा नेता व कुविवि के डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद सिंह पडियार समेत क्रीड़ा शिक्षका पुष्पा दरमवाल, प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता व बास्केटबाल के वरिष्ठ खिलाड़ी राजीव गुप्ता के साथ साथ खेल विभाग के प्रशिक्षक भगवत सिंह मेर, सुनील कुमार,विनोद कनारी,सैयद रियान तथा गौरव नयाल आदि रहे। विजेता खिलाडियों को अतिथियों ने पुरुस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडे ने किया।

# बीडी पांडे अस्पताल में दो साल से चल रहे लिफ्ट का काम अखिर में पूरा हुआ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी के राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बीते दो साल से चल रहा लिफ्ट का काम आखिरकार पूरा हो चुका है। बुधवार को पीएमएस ने ठेकेदार के साथ लिफ्ट का ट्रायल किया। जल्द ही मरीजों को लिफ्ट का लाभ मिल पाएगा।



बता दें कि बीडी पांडे अस्पताल में रोजाना 400 से 500 मरीज उपचार ये लिए आते हैं। कई मरीजए बुजुर्ग व गर्भवती महिलाओं को अस्पताल की लैबए आई ओटीए फिजियो थेरेपी वार्ड व आइसोलेशन वार्ड तक जाने में सीढ़ी में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इन दिक्कतों को देखते हुए बीडी पांडे अस्पताल में 27 लाख की लागत से दो वर्ष पूर्व लिफ्ट स्थापित करने का काम शुरू किया था। लिफ्ट स्थापित करने के लिए सिविल कार्य व बिजली का काम पूरा हो चुका था। वहीं तीन मंजिला बिल्डंग में लिफ्ट की मशीनरी लगाई जा चुकी थी। लेकिन कई महिनों तक काम रूकने के कारण लिफ्ट लगने का कार्य पूरा नहीं हो पाया था। लेकिन बीते दिनों अस्पताल प्रबंधन के सख्त होने के बाद ठेकेदार की ओर से रुका काम पूरा कर लिया गया है। काम पूरा करने के बाद बुधवार को अस्पताल के पीएमएस डा.टी.के.टम्टा ने ठेकेदार के साथ लिफ्ट का ट्रायल लिया जो सफल रहा। उन्होंने बताया लिफ्ट का काम पूरा कर लिया गया है। दो दिन लिफ्ट का सफल ट्रायल ले लिया गया है। लिफ्ट से आठ लोग आवाजाही कर सकते हैं। बताया कि जल्द ही मरीज लिफ्ट का लाभ ले पाएंगे।

## NEWS / फटाफट

### अंजलि के इलाज को समाजसेवियों ने की हर संभव मदद

**नैनीताल ।** राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में भर्ती रही पांच वर्षीय बच्ची अंजलि के उपचार के जिला अस्पताल प्रबंधन के साथ ही नगर के कई जागरुक लोगों व समाजसेवियों की ओर से हर संभव मदद की गयी है। बता दें कि बीते 6 मई को जलने की शिकायत पर पांच वर्षीय नेपाली मूल की बच्ची अंजलि को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंची थी जिसके पास मुफ्त चिकित्सा के लिए कोई आयुष्मान अथवा अन्य कार्ड नहीं था। जिसके बावजूद बीडी पांडे अस्पताल प्रबंधन ने मरीज को तीन माह भर्ती कर निःशुल्क उपचार दिया गया। अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के सहयोग से बाजार से महंगी दवाईया खरीद कर उसे उपचार दिया गया। अस्पताल के चिकित्सकों व अन्य कर्मियों ने 28 हजार रुपये चंदा कर बच्ची की माता को दिया जिसे बेहतर उपचार के लिए मंगलवार को एम्स ऋषिकेश भेजा गया है। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. तरुण कुमार टम्टा ने कहा कि बीडी पांडे अस्पताल में हमेशा गरीब व असहाय लोगों का इलाज पूरी मदद के साथ किया जाता है। भविष्य में भी गरीब व असहाय लोगों के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल स्टाफ तत्पर रहेगा।

### जनपद स्तरीय अंडर-16 बालक/बालिका व ओपन पुरुष/महिला क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता आयोजित

**रुद्रपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के शुभ अवसर पर जिला खेल कार्यालय के अधीन मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में सुबह 7 बजे से जनपद स्तरीय अंडर-16 बालक/बालिका एवं ओपन पुरुष/महिला क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जनपद स्तरीय क्रॉस कंट्री रेस प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने किया। जिसमें लगभग बालिका/बालक वर्ग में 52 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 6 - 6 स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कमल सिंह ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर खेल विभाग के कर्मचारी एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित मौजूद रहे ।

### डीएम ने मासिक स्टाफ बैठक में लंबित वादों का निस्तारण और शत-प्रतिशत वसूली के निर्देश दिए



**रुद्रपुर।** बुधवार को जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने जिला सभागार में मासिक स्टाफ बैठक लेते हुए लम्बित वादों को शीघ्रता से निस्तारण करने व शतप्रतिशत राजस्व वसूली करने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे एसडीएम व तहसीलदारों के साथ समन्वय स्थापित कर आरसी का मिलान करते हुये वसूली को बढ़ाये। उन्होंने सभी तहसीलदारों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान देने के साथ ही आबकारी अधिकारी को राजस्व वसूली हेतु सभी पहलुओं पर रणनीति बना कर अवैध मदिरा बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु नियमित छापेमारी करने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, एसडीएम मनीष बिष्ट, गौरव पाण्डे, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, कौस्तुभ मिश्र, ओसी कलैक्ट्रेट डॉ.अमृता शर्मा संयुक्त निदेशक अभियोजन डीएस जंगपांगी, डॉ प्रकाश फुलारा, डीएसओ विपिन कुमार, जिला आबकारी अधिकारी एनआर जोशी आदि मौजूद रहे।

### अमेरिकन किड्स स्कूल में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**नैनीताल।** नगर में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है । इस दौरान जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नगर का प्रतिष्ठ विद्यालय अमेरिकन किड्स स्कूल में गुरवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपा बिष्ट ने बताया की अमेरिकन किड्स स्कूल में नन्हें मुन्ने बच्चों द्वारा कृष्ण राधा बनकर सुंदर प्रस्तुतियां दी गई। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यालय द्वारा पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधियों में बच्चों को प्रतिभाग कराया जाता है। इस मौके पर विद्यालयसे जया आर्या, नेहा बिष्ट, प्रिया आर्य, तनू डालाकोटी,पुष्पा आर्य आदि मौजूद रहें।

नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# जन संवाद कार्यक्रम में समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भीमताल ब्लॉक मुख्यालय में जन संवाद कार्यक्रम के तहत बुधवार को ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट ने ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना और मौके पर ही मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को उन समस्याओं के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए।



इस दौरान ब्लाक प्रमुख डा.बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए कोई भी पात्र ग्रामीण न छूटने पाए इसका बात का विशेष ध्यान रखें। जन संवाद में आवास, आपदा, राशन कार्ड तथा पेंशन सहित अन्य मुद्दे छाए रहे। ब्लॉक प्रमुख डा.बिष्ट ने प्रधानमंत्री आवास के लिए शीघ्र सभी से अपने अपने ग्राम पंचायतों में आवासों का सर्वे करवा कर ऑनलाइन आवेदन करने को कहा ताकि पात्र ग्रामीण योजना का लाभ लेने से वंचित न रहने पाए। ग्रामीणों ने आवास, गौशाला बनवाने तथा संपर्क मार्ग बनवाने की मांग की। इस दौरान प्रधान राधा कुल्याल, लता पलडिया, अनिता प्रकाश,विनोद कुमार, इंदर मेहता, पूरन लाल,कमलेश आर्य,कमल गोस्वामी, राकेश ब्रजवासी समेत नवीन पलडिया, प्रदीप कुमार, चन्द प्रकाश,खीम राम, धर्मेंद्र शर्मा, संजय कुमार,मोहन चन्द्र,लोकेश तिवाड़ी,कृष्णा, नीरज, दुर्गा दत्त पलडिया,नवीन क्वीरा,बीडीओ किशन राम, एडीओपी कैलाश गोस्वामी, उत्तम नाथ गोस्वामी, एल डी आर्य सहित अन्य ग्रामीण व विभागीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों के लम्बित देयकों समेत विकास खंड में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु ज्ञापन सौंपा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

विकास खंड ओखलकांडा के शिक्षक संगठन ने विकास खंड में कार्यरत शिक्षकों के विभिन्न प्रकरणों के निष्पादन के सम्बन्ध में बुधवार को खंड शिक्षाधिकारी सुलोहिता नेगी से मुलाकात की और शिक्षकों के लम्बित देयकों समेत विकास खंड में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु ज्ञापन सौंपा।

बता दें कि विकास खंड में शिक्षकों की नियुक्ति न हो पाने के कारण स्थानांतरित शिक्षक रिलीव नहीं हो पा रहे हैं इसलिए, मांग की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति विकास खंड में की जाय जिससे विगत दो वर्षों से डगमगा रही शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आ सके। निवर्तमान ब्लाक मंत्री गोपाल बिष्ट ने बताया कि बैठक में समस्त सीआरसी नोडलों को अपनी अपनी सीआरसी के शिक्षकों के प्रकरणों के साथ उपस्थित होने को कहा गया था साथ ही उन शिक्षकों को भी बैठक में बुलाया गया था जिनके दीर्घकालिक समय से प्रकरण लम्बित थे। बिष्ट ने बताया कि खंड शिक्षाधिकारी ने आश्वासन दिया है कि वर्तमान माह के वेतन के साथ चयन व प्रोन्नत वेतनमान लगा दिया जायेगा एवं अन्य ऐरियर एवं देयकों का सितंबर माह में भुगतान कर दिया जायेगा। वार्ता में ब्लाक मंत्री तदर्थ समिति गोपाल बिष्ट समेत सीआरसी नोडल नवीन चन्द्र सिंह बोरा तथा ब्लाक खेल समन्वयक हरीश मेहरा, ब्लाक कोषाध्यक्ष तदर्थ समिति हीरा बल्लभ व ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य ललित शर्मा, हीरा बल्लभ भट्ट, लाल बहादुर, सतीश कफ ल्टिया, पंकज दरमवाल व सुशीला जोशी आदि उपस्थित रहे।

# अभिमत



## समानता का सिद्धांत

*जस्टिस बीआर गवई ने कहा, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सेंट पॉल हाईस्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे और देश के पिछड़े तथा दूरदराज स्थित छोटे से गांव में पढ़ने वाले बच्चे को एक ही श्रेणी में रखना, संविधान में मौजूद समानता के सिद्धांत को खत्म कर देगा। यदि कोई व्यक्ति आरक्षण का लाभ पाकर चपरासी अथवा सफाई कर्मचारी का पद प्राप्त कर लेता है, तो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बना रहेगा। शीर्ष अदालत ने परोक्ष रूप से आर्थिक आधार पर आरक्षण को सही बताया है, लेकिन जातिवाद को कायम रखा है। जाति आधारित आरक्षण से समाज में समानता नहीं आयेगी।*

सुप्रीमकोर्ट ने आरक्षण के मुद्दे पर ऐतिहासिक फैसला दिया है। ओबीसी आरक्षण में क्रीमीलेयर का प्रावधान पहले से है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति में क्रीमीलेयर का वर्गीकरण नहीं किया गया था। अब एससी-एसटी में भी क्रीमीलेयर लागू होगा। शीर्ष अदालत ने क्रीमीलेयर द्वारा अपनी ही जाति के कमजोर वर्ग का हक मारने पर महत्वपूर्ण और समाजशास्त्रियों द्वारा हमेशा दिये जाने वाले सुझाव का समर्थन किया है। जस्टिस बीआर गवई ने कहा, मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सेंट पॉल हाईस्कूल और सेंट स्टीफन कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे और देश के पिछड़े तथा दूरदराज स्थित छोटे से गांव में पढ़ने वाले बच्चे को एक ही श्रेणी में रखना, संविधान में मौजूद समानता के सिद्धांत को खत्म कर देगा। यदि कोई व्यक्ति आरक्षण का लाभ पाकर चपरासी अथवा सफाई कर्मचारी का पद प्राप्त कर लेता है, तो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा बना रहेगा। शीर्ष अदालत ने परोक्ष रूप से आर्थिक आधार पर आरक्षण को सही बताया है, लेकिन जातिवाद को कायम रखा है। जाति आधारित आरक्षण से समाज में समानता नहीं आयेगी। संविधान में निहित सामाजिक और आर्थिक न्याय के सिद्धांत से ही समस्या का समाधान हो सकता है। आरक्षण का लाभ लेकर अधिकारी का पद पाने वालों के बच्चे महंगी फीस वाले स्कूलों में पढ़ते हैं। कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने पर महंगी कोचिंग के बाद आईएएस, पीसीएस तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से अधिकारी बन जाते हैं। किसी भी जाति के अधिकारी और सम्पन्न वर्ग के बच्चे निजी महंगे स्कूल में पढ़ते हैं। उच्च जाति के गरीब अभिभावक के बच्चे अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से सम्पन्न बच्चों से पीछे तथा बदहाल स्थिति में रहते हैं। जातिवादी आरक्षण की पैरवी करने वाले जिस तथाकथित मनुवादी व्यवस्था की दलील देते हैं, वह प्राचीन भारत में नहीं थी। लोगों के पेशे, प्रतिभा, गुणों व स्वभाव के अनुसार सामाजिक व्यवस्था का वर्गीकरण किया गया था। समाज के सभी वर्ग अपने कार्य और प्रतिभा के अनुरूप जीवकोपार्जन करते थे, इसी लिए भारत की प्राचीन अर्थव्यवस्था में सभी लोग आत्मनिर्भर थे। वर्तमान में विभिन्न समस्याओं की जड़ आर्थिक रूप से समाज का आत्मनिर्भर नहीं होना है। वोट बैंक की राजनीति के तहत जातिवादी नफरत से हिंसा और अपराध बढ़ रहे हैं। जातिवादी आरक्षण से गिने-चुने लोगों को लाभ हो रहा है। अधिकतर लोगों को नुकसान हो रहा है।

# जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जनपदीय पशु क्रूरता निवारण समिति की बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जनपद के पूर्व संचालित एवं नई प्रस्तावित गौशालाओं के अनुश्रवण, विस्तार, निर्माण के संबंध में चर्चा की गई साथ ही पंजीकृत गौशालाओं में संरक्षित गोवंश के भरण पोषण हेतु अनुदान के संबंध में भी विचार विमर्श किया गया। एबीसी केंद्र में श्वानवंशीय पशुओं के बधियाकरण उपरांत उन्हें स्थापित करने संबंधी विषयों पर चर्चा भी की गई। सीडीओ ने गौशाला संचालकों व एनजीओ के प्रतिनिधियों से समस्याओं पर बात की व उनके सुझाव भी लिए। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में राजकीय भूमि पर 2 गौसदन व 3 निजी




गौसदन पंजीकृत हैं जिनमें वर्तमान में 2287 गोवंश शरणागत हैं, जबकि अनुमानित निराश्रित गोवंश की संख्या लगभग 5500 है। जनपद में नगर निकायों द्वारा 6 गौशालाएं प्रस्तावित हैं जिनकी डीपीआर शासन को प्रेषित है। जिस पर सीडीओ ने निकायों को पूल बनाकर अपने संसाधनों से आवंटित भूमि की तारबाढ़ व गेट बनाने के निर्देश दिये। बैठक में एडीएम पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल, एसीएमओ डॉ एसपी सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. एसबी पांडे, पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुधाशु मिश्र, डॉ जितेन्द्र कुमार, डॉ एमके शर्मा, डॉ रोहित नौगाई, डॉ मृगेश चौधरी, डॉ रवि शंकर झा, उप मुख्य चिकित्साधिकारी केके जोशी, श्री राधे कृष्ण गौ सेवा सदन बाजपुर के जगदीश प्रसाद गोयल, श्री त्रीलोक धाम चेरिटेवल ट्रस्ट के नारद जोशी संदीप बंसल, राजेश जिंदल, ईओ शिखा आर्या, संजीव मल्होत्रा आदि मौजूद थे।

## प्रथम बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में खेले तीन मैच

**नैनीताल।** जिला क्रीड़ा संघ द्वारा आयोजित एवं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय व कुमाऊं मंडल विकास निगम के द्वारा प्रायोजित प्रथम बालिका फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को तीन मैच खेले गए।

पहले मैच में आल सेन्टस कॉलेज नैनीताल ने सेन्ट जान्स स्कूल नैनीताल की टीम को शून्य के मुकाबले पांच गोल से हराया जबकि दूसरे मैच में मोहन लाल साह बालिका विद्या मंदिर नैनीताल की टीम ने बाल विद्या मंदिर की टीम को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया। अंतिम मुकाबले में सेन्ट मैरी कॉन्वेंट कॉलेज नैनीताल की टीम ने सनवाल स्कूल नैनीताल की टीम को शून्य के मुकाबले एक गोल से हराया। रेफरी तेनजिंग और मनोज बिष्ट रहे। इससे पूर्व मैच का शुभारंभ रोटरी क्लब नैनीताल के प्रेजिडेंट मनोज लांबा समेत विक्रम स्याल, वाई पी एस सूरी, सुमित खन्ना तथा डीएसए उपाध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय बिशन सिंह मेहता ने किया। इस मौके पर फुटबॉल सचिव पवन खड़ायत, पूनम दोहन तथा भुवन बिष्ट आदि रहे।

## देशी शराब समेत एक दबोचा

**हल्द्वानी।** पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को देशी शराब के पव्वों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। काठगोदाम थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान गौलापार में पूर्वी खेड़ा क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े एक युवक को संदिग्ध हालत में खड़ा। उसके पास रखे कट्टे के बारे में जब उससे जानकारी दी तो वह गोल मोल जवाब देने लगा। पुलिस को शक हुआ तो उसके कट्टे की तलाशी लेने पर उसमें देशी शराब के 56 पव्वे बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राहुल बगवालीपोखर रानीखेत अल्मोड़ा हाल खेड़ा गौलापार थाना काठगोदाम बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया।

## सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में देवभूमि सहोदय बैनर के तहत अंतर-विद्यालय हिंदी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि रमेश चंद्र द्विवेदी सेवानिवृत प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज गुनियालेख, डॉक्टर प्रभा पंत विभागाध्यक्ष हिंदी एम बीपी कॉलेज हल्द्वानी सहित विद्यालय के चेयरमैन अनिल जोशी, डायरेक्टर सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनीता जोशी तथा उप प्रधानाचार्य भुवनेश कर्नाटक द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ। विद्यालय के छात्रों ने गणेश व सरस्वती वंदना



प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के 19 विद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया और अपनी वक्तृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता जोशी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन विद्यालय शिक्षिका सुनीता अधिकारी एवं छात्रा भूमिका जोशी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों सहित एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर बबीता रावत का सहयोग रहा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हरी सिंह कनवाल से बदलकर हरीश सिंह कनवाल रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे हरीश सिंह कनवाल नाम से जाना पहचाना जाए।- **हरीश सिंह कनवाल पुत्र पूरन सिंह कनवाल, छड़ायल, सुयाल मानपुर मश्चिम, हल्द्वानी ( नैनीताल )**

## कुविवि के पूर्व छात्र डॉ. भास्कर का आईआईएससी में चयन



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के पूर्व शोध छात्र डॉ. भाष्कर सिह बोहरा का चयन देश के सबसे बडे संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बैंगलौर में बतौर पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च एसोसिएट के पद पर हुआ है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस बैंगलौर ने देश में सर्वश्रेष्ठ रिसर्च संस्थान की इस वर्ष की एनआईआरफ रैंकिंग में प्रथम स्थान हांसिल किया है। डॉ. बोहरा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर व राइंका बेतालघाट से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने नैनोसाइंस एंड नैनो टेक्नोलॉजी सेंटर रसायन विज्ञान विभाग के प्रभारी प्रो. एनजी साहू के निर्देशन में पीएचडी पूरी की। डॉ. बोहरा ने इस उपलब्धि का क्षेय आपनी माता स्व. कमला देवी एवं पिता जगत सिंह बोहरा तथा समस्त गुरूजन व भाई-बहनों को दिया है। इससे पूर्व डॉ. बोहरा का चयन विदेश में दो जगह पोस्ट डॉक्टरल पद पर हुआ ।

## फिल्मी दुनिया

## बादशाह में ट्विंकल खन्ना नहीं थीं निर्माता की पहली पसंद



*शाहरुख खान और ट्विंकल खन्ना अभिनित फिल्म बादशाह ने हाल ही में 25 साल पूरे किए हैं। इस फिल्म ने शाहरुख खान के सुपरस्टार बनने के सफर को और आगे तेजी से बढ़ाया, वहीं यह फिल्म ट्विंकल खन्ना की सबसे लोकप्रिय स्क्रीन अपीयरेंस में से एक रही। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हाल ही में निर्माता रतन जैन ने खुलासा किया कि फिल्म बादशाह के लिए ट्विंकल खन्ना उनकी पहली पसंद नहीं थीं। साल 1999 में रिलीज हुई फिल्म बादशाह में शाहरुख खान और ट्विंकल खन्ना के अलावा जॉनी लीवर, अमरीश पुरी, राखी गुलजार, प्रेम चोपड़ा, शरत सक्सेना, सचिन खेडेकर, पंकज धीर, दीपशिखा और सौरभ शुक्ला ने अहम भूमिका निभाई थी। अब इस फिल्म में ट्विंकल खन्ना द्वारा निभाए गए किरदार को लेकर एक महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता रतन जैन ने कहा, पहले हमने करिश्मा कपूर पर विचार किया था। उन्हें लगभग फाइनल कर लिया गया था, लेकिन फिर किसी कारण से वह यह फिल्म नहीं कर पा रही थीं। फिर हमने कुछ और अभिनेत्रियों के बारे में विचार किया। आखिर में हमने फिर ट्विंकल खन्ना को फाइनल किया।*

### शाहरुख हमेशा से थे पहली चॉइस

*जब एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक जोड़ी से शाहरुख खान की भूमिका के लिए अक्षय कुमार पर विचार किए जाने की बात को पूछा गया तो उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं। शाहरुख हमेशा पहली पसंद थे। शाहरुख ने फिल्म में बहुत सारे चेंजेस किए, जो फिल्म के लिए लाभदायक साबित हुए। वो कमाल के एक्टर हैं ! चाहे फिर कॉमेडी हो या सीरियस एक्ट, वो हर एक चीज में बहुत अच्छे हैं। आगे निर्माता ने कहा, फिल्म में कुछ कार्ड ट्रिक्स वास्तव में शाहरुख खान ने खुद किए थे, जो सेट पर एक जादूगर ने उन्हें सिखाए थे। फिल्म में कोई ग्राफिक्स या वीएफएक्स का इस्तेमाल नहीं किया गया था।*

## नैनीताल के अस्तित्व को बचाए रखने को राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**नैनीताल।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी क्रांतिकारी मोर्चा तथा बलियानाला संघर्ष समिति की ओर से बुधवार को सरोवर नगरी नैनीताल के अस्तित्व को बचाए रखने के लिए ज्ञापन जिला प्रशासन के माध्यम से सूबे के राज्यपाल को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में नैनीताल के अस्तित्व को बचाने के लिए भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में उनके रख रखाव के लिए दीर्घकालिक योजना बनाने,तल्लीताल डांठ में किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करने,तल्लीताल स्थित लकड़ी टाल पर प्रस्तावित भव्य मैकेनिकल कार पार्किंग निर्माण के प्रस्ताव को जल्द निरस्त करने की मांग की गयी है। इसके साथ ही वन ग्रामों में सैकड़ों वर्षों से रह रहे लोगों को न हटाने,सौदर्यीकरण व सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जनता को बेघर व बेरोजगार न किए जाने,ग्राम सिलमोडिया व खुर्पाताल में सीसी मार्ग बनाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में लीला बोरा, मन मोहन सिंह कनवाल, तारा सिंह बिष्ट, इसरार बेग, हरेंद्र सिंह बिष्ट, मुकेश जोशी, दीवान सिंह तथा गणेश सिंह बिष्ट तथा सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश उपाध्याय शामिल थे।

## पेज एक का शेष

### मंजूरीः खुरपिया किच्छा होगा...

...बढ़ावा देगा। 10 राज्यों में फैले और रणनीतिक रूप से नियोजित 6 प्रमुख गलियारों के साथ ये परियोजनाएं भारत की विनिर्माण क्षमताओं और आर्थिक विकास को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग लगाएंगी। ये औद्योगिक क्षेत्र उत्तराखंड में खुरपिया, पंजाब में राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र में दिघी, केरल में पलक्कड, उत्तर प्रदेश में आगरा और प्रयागराज, बिहार में गया, तेलंगाना में जहीराबाद, आंध्र प्रदेश में ओरवाकल और कोप्पर्थी और राजस्थान में जोधपुर-पाली में स्थित हैं। एनआईसीडीपी के तहत 12 नए औद्योगिक नोड्स की स्वीकृति भारत की वैश्विक विनिर्माण शक्ति बनने की यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एकीकृत विकास, टिकाऊ बुनियादी ढाँचे और निर्बाध कनेक्टिविटी पर रणनीतिक ध्यान देने के साथ, ये परियोजनाएं भारत के औद्योगिक परिदृश्य को फिर से परिभाषित करने और आने वाले वर्षों में देश की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए तैयार हैं।

## News कॉर्नर

### बीएड पाठ्यक्रम हेतु प्रथम चरण की काउंसिलिंग 31 अगस्त तक

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रम हेतु प्रथम चरण की काउंसिलिंग 29 अगस्त (आज) से आरंभ होकर 31 अगस्त (शनिवार) 2024 तक निष्पादित की जाएगी। बता दें कि बीए तथा बीएड व बीकॉम, बीएड, बीएससी बीएड के लिए 50-50 सीटें अलग-अलग आवंटित की गई हैं। काउंसिलिंग के दौरान आरक्षित वर्गों के लिए उत्तराखंड सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार प्रवेश हेतु सीटों का आवंटन किया गया है। विभाग की ओर से सभी प्रवेशार्थियों को सूचित किया गया है कि वह 29 अगस्त (आज) को प्रातः10 बजे से कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के प्रशासनिक भवन के निकट केन्द्रीय पुस्तकालय भवन के प्रथम तल में स्थित इंटीग्रेटेड बीएड विभाग में काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल हों।

### परिजनों से बिछड़कर गुम हुई युवती, खोजबीन शुरू

**नैनीताल।** रामपुर से नैनीताल घूमने पहुंची एक युवती मंगलवार की शाम अपने परिजनों से बिछुड़कर गुम हो गई। बुधवार की सुबह युवती के परिजनो ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों से युवती की खोजबीन शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार रामपुर से एक परिवार घूमने के लिए नैनीताल आया था। नैनीताल पहुंचा परिवार मंगलवार की शाम डीएसए मैदान मैच देख रहा था। इस दौरान उनकी 20 वर्षीय बेटी उनसे बिछुड़ गई। देर शाम तक खोजने के बाद भी युवती का पता नहीं चल पाया, जिसके बाद युवती कर परिजन कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने उनकी बेटी को खोजने की गुहार लगाई है। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से युवती की खोज की जा रही है। बताया कि युवती मानसिक रूप से अस्वस्थ है।

# मेट्रोपोलिस सिटी रुद्रपुर में हुई मारपीट के मामले में एसएसपी एक्शन मोड पर

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

मेट्रोपोलिस कालोनी में भाजपा नेत्री के पुत्र पर जान लेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संदिग्ध स्थानों पर दबिश दे रही है। एसएसपी डॉ मंजूनाथ टीसी ने फरार पांचों हमलावरों पर 25- 25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया है। एसएसपी कार्यालय के मुताबिक

18 अगस्त 2024 की रात भाजपा नेत्री के पुत्र पीयूष भाटिया पर अज्ञात हथियारबंद हमलावरों ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से हमला किया गया था। हमलें में पीयूष भाटिया गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायल के पिता की तहरीर के आधार पर एफआईआर नंबर 125/ 2024 /3(5)/ 109/ 118(1) /118(2)/191(2) (3)/333/351 (2) (3) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया था। एसएसपी के निर्देशन में सिडकुल पुलिस ने हमलावरों को चिन्हित कर गिरफ्तारी को कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने इस मामले से संबंधित 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि 5 हमलावर फरार हो गए। पुलिस फरार हमलावरों की गिरफ्तारी को लगातार दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक फरार हमलावरों के खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्लू जारी कराए गए थे।

एसएसपी-1-अवनीश यादव उर्फ छोटू पुत्र वेदराम यादव निवासी भदईपूरा थाना रुद्रपुर, 2. राहुल शर्मा पुत्र तेजप्रकाश शर्मा निवासी भदईपुरा, 3. हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पुत्र गुरमुख सिंह निवासी बिंदुखेडा रुद्रपुर, 4. खेमराज चौहन उर्फ रिक पुत्र राजपाल सिंह निवासी फूलसगा बनखडी फेज 4 ट्रांजिट कैंप रुद्रपुर। 5. पवन कुमार पुत्र सिपाही लाल हाल निवासी जगतपुरा आवास विकास मुल पता ग्राम भैसोडी शरीफ थाना मिलक रामपुर यूपी पर 25 - 25 हजार का ईनाम घोषित किया गया है।

## NEWS / फटाफट

### राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में रन फॉर स्पोर्ट्स का आयोजन, 10 विजेता पुरस्कृत



**हल्द्वानी।** मेजर ध्यान चंद के जन्मदिवस के अवसर पर खेल निदेशालय देहरादून के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी की ओर से गुरुवार को सुबह रन फॉर स्पोर्ट्स का आयोजन किया गया। जो स्पोर्ट्स स्टेडियम के निकट आयुष अस्पताल के सामने से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजार से होते हुए स्टेडियम में संपन्न हुई। इसमें लगभग 152 पुरुष व महिलाओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन कृषि मण्डी विपणन परिषद उत्तराखंड अनिल कपूर डब्बू ने मेजर ध्यानचंद की स्मृति में विचार रखे और खेल अनुभव खिलाडियों एवं खेलप्रेमियों से साझा किए। 10 प्रथम विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर उप क्रीड़ा अधिकारी वरुण बेलवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान किशोर पाल, नीता पोखरिया, त्रिलोक जीना, मनीष वर्मा, श्याम भट्ट, पूनम मेहता, महेश फर्त्याल, विनय जोशी, निशांत मेहता, गोपाल नेगी, गोविंद लटवाल, पूनम सिरोला, नीलेश गुप्ता, आनंद देव, हेमलता साह, किरण मौर्य, महेश बिष्ट, हिमांशु केडियाल आदि उपस्थित थे।

### दबंगों ने घर में घुसकर गर्भवती सहित वृद्धा पर किया जान लेवा हमला

**रुद्रपुर।** थाना पुलभट्टा क्षेत्र में पड़ोसियो से विवाद के बाद घर में लाठी डंडों से लैस होकर घुस गर्भवती सहित वृद्धा पर हमला कर दिया। हमलें में दोनों घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत मिलने पर छह के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। पुलिस के मुताबिक थाना पुलभट्टा के बंगाली कालोनी वार्ड 17 सिरौली कलां निवासी राम आसरे पुत्र कृष्ण कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में कहा कि उसकी बहन धारा का पड़ोस में रहने वाली महिला आरती से 29 जून की रात 9:30 बजे बहस हो गई थी। इसकी जानकारी मिलने पर उसकी पत्नी सलोनी उसकी बहन धारा से मामले की जानकारी ले ही रही थी। आरोप है कि आरती का पति चंद्रपाल उसके घर के दरवाजे पर आकर सलोनी को गाली देने लगा। शोर सुन कर जब उसने बाहर आकर चंद्रपाल से पूछा तो चंद्रपाल ने उस पर हमला कर दिया। तहरीर में चंद्रपाल के साथ उसकी मां चमेली, पत्नी आरती, भाई जगदीश, कृष्णा उर्फ पुन्नी, राजकुमार उर्फ बुद्धा भी लाठी डंडों से लैस उसके साथ थे। उन सबने मिल कर लाठी डंडे से उसको बेरहमी से पीटा। किसी तरह उसने अपनी पत्नी को सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया। पुलिस ने चंद्रपाल,आरती,चमेली, रमेश,कृष्णा उर्फ पुन्नी,राजकुमार उर्फ बुद्धा के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### डीएम कल सुनेंगी वार्डों की समस्याएं

हल्द्वानी। जिलाधिकारी वंदना सिंह की अध्यक्षता में कल 30 अगस्त को जीजीआईसी कालाढूंगी रोड में नगर निगम के वार्ड-11 से 20 तक के लोगों समस्याओं की सुनवाई के लिए अपराह्न दो बजे से कैंप लगाया जाएगा। यह जानकारी नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने दी है।

# भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू, हर बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता



सरोवर नगरी के राज्य अतिथि गृह सभागार में भारतीय जनता पार्टी मंडल के सदस्यता अभियान का शुभारम मुख्य अतिथि सुरेश भट्ट थे कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। दर्जा राज्य मंत्री ने सुरेश भट्ट ने 1 सितंबर से आरंभ हो रहे सदस्यता अभियान को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, यह अभियान दो चरणों में चलेगा, नए सदस्य बनाने के लिए मिस कॉल, क्यू आर कोड,नमो एप आदि के माध्यम से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मोहित शाह ने बताया उसके बाद सक्रिय सदस्य बनाए जायेंगे इन दोनों का सत्यापन जिले स्तर पर होने के बाद बूथ अध्यक्ष और कार्यकारिणी का गठन किया जायेगा, दूसरे चरण में मंडल अध्यक्ष, जिलाअध्यक्ष का गठन किया जायेगा फिर प्रदेष अध्यक्ष इस प्रकार यह अभियान प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान संघठन के गठन के बाद पूर्ण होगा, विधायक सरिता आर्या द्वारा समाज के हर वर्ग को इस अभियान से जोड़कर उनको सदस्य बनाने का कार्यकर्ताओं को प्रयास करना होगा , मंडल के प्रभारी देवेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा की प्रदेश द्वारा मंडल नैनीताल को 14 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया है सभी मोर्चों और कार्यकर्ता मिलकर इस लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। इस मौके पर कार्यक्रम मे प्रकाश आर्या,अरविंद सिंह पडियार, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह रावत, विमला अधिकारी, रीना मेहरा, तारा राणा, कविता गंगोला, प्रेमा अधिकारी, नीतू जोशी, जीवंती भट्ट, तारा बोरा, लता दफौटी,मधु बिष्ट, नीमा आधिकारी, भावना बिष्ट, मीरा बिष्ट,विमला तिवारी,रेणु पंत,ज्योती ढौंडियाल, हेम लता पांडे,रेखा जोशी, विक्की राठौर, आयुष भंडारी, रचित तिवारी, कनिष्क मेहरा, अरुण कुमार, विक्रम सिंह रावत,लाल सिंह सहित अन्य मंडल कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डाक कम्यूनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत डाक चौपाल आयोजित




**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी के प्रधान डाकघर में बुधवार को डाक कम्यूनिटी डेवलपमेंट प्रोग्राम (डीसीडीपी) के तहत डाक चौपाल का विशेष आयोजन किया गया है।

बता दें कार्यक्रम में नैनीताल नगर पालिका परिषद की तल्लीताल बाजार वार्ड की पूर्व सभासद प्रेमा अधिकारी को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया। डाक चौपाल में स्थानीय नागरिकों के अलावा डाक अभिकर्ताओं को डाक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सहायक अधीक्षक डाकघर प्रकाश चंद्र पांडेय, पोस्ट मास्टर चन्दन सिंह बिष्ट के साथ इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के प्रबंधक दीपक गैरोला के द्वारा बारी- बारी से कार्यक्रम में मौजूद ग्राहकों को वित्तीय साक्षरता के साथ साथ डाकघर द्वारा संचालित विभिन्न बचत योजनाएं यथा-डाक जीवन बीमा, आईपीपीबी एवं जन सुरक्षा योजनाओं तथा डिजिटल सेवा के तहत संचालित सीएससी के बारे में विस्तार से बतलाया गया। कार्यक्रम में गजेन्द्र पटवाल, सुरभि मिश्रा, किरण कला, राहुल आर्या, सुनील त्रिपाठी, प्रमोद ध्यानी के अलावा नीतीश त्यागी एवम रवि भट्ट आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में डाकपाल नैनीताल द्वारा अधिक व्यवसाय अर्जित करने वाले महिला अभिकर्ताओं क्रमशः नीमा मिश्रा, सरोज उप्रेती,गंगा मेहरा, शोभा जीना, चंचला बिष्ट तथा सुनीता साह को पोस्टमास्टर चंदन सिंह बिष्ट द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## गांव को भू-कटाव से बचाने को कार्य शुरू

**नैनीताल।** नगर के समीपवर्ती खूपी गांव को भू-कटाव से बचाने के लिए अगले सप्ताह से सुरक्षा कार्य शुरू कर दिए जाएंगे। ठेकेदार की ओर से 24 लाख के बजट से गांव की तलहटी कुरिया गधेरे में तटबंध बनाए जाएंगे। इसके बाद गांव की सुरक्षा के लिए दीर्घकालीन योजना पर भी कार्य किया जाएगा। सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता डीडी सती ने बताया कि 12.12 लाख के दो बजट स्वीकृत हुए हैं। निविदा निकाली गई थी ठेकेदार का चयन कर लिया गया है। अगले सप्ताह से खूपी गांव के नहचे तलहटी पर कुरिया गधेरे से सुरक्षा कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

# वृहद स्तर पर सफाई अभियान व पौधारोपण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता




संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम द्वारा नियमितीकरण को मांग को लेकर बुधवार को लगातार 56वें दिन भी निगम कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय नैनीताल में धरने से पूर्व वृहद स्तर पर सफाई अभियान व पौधारोपण किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि निगम कर्मचारियों ने निगम की इकाइयों में पौधारोपण व स्वच्छता कार्यक्रम चलाया। उन्होंने कहा कि अब गुरुवार (आज) होने वाली निदेशक मंडल की बैठक में संविदा कर्मचारियों की वेतन बढ़ोतरी को देखते हुए अग्रिम निर्णय लिया जाएगा। गुरुरानी ने कहा कि राज्य निगम अधिकारी कर्मचारी महासंघ के द्वारा नियमितीकरण को लेकर 3 सितंबर (मंगलवार) को निकाली जाने वाली रैली में निगम के कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। कार्यक्रम में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत पीतांबर दुमका, रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, दीपक पांडे , महेश कुमार, नरेंद्र थापा, कुंदन लाल, नीता आर्य, गंगोत्री बिष्ट, रजनी पतलिया, राहुल, पंकज, नीरज, नरेश वारियाल तथा जतिन सहित निगम कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब ने हॉकी व फुटबॉल किट वितरण किए

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



रोटरी क्लब ने बुधवार को भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें स्कूल के इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों को औपचारिक रूप से नेतृत्व और निदेशक पदों के बैज प्रदान किए गए, जो संगठन में उनकी निष्ठा और भूमिकाओं को मान्यता देते हैं।

बता दें कि कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण तीन मेधावी छात्राओं क्रमश:सनवाल पब्लिक स्कूल की कक्षा 10 की छात्रा और भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय की दो छात्राओं की संपूर्ण शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता (छात्रवृत्ति) की घोषणा की गई। यह छात्रवृत्ति जो रोटरी क्लब की बेटी बचाओ -बेटी पढ़ाओं पहल के अंतर्गत रोटेरियन राकेश गुप्ता द्वारा प्रदान की जा रही है। इसके अलावा रोटरी क्लब ने खेल उपकरण जिसमें हॉकी और फुटबॉल किट वितरण किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल परिसर में पौधारोपण किया गया।

इस दौरान रोटरी क्लब के मनोज लांबा (अध्यक्ष) समेत सुभाष जैन, बबीता जैन, वाईपीएस सूरी, विक्रम सुयाल, विजय कृष्ण, सुमित खन्ना, हरीश नयाल,डा. मनोज सिंह बिष्ट, सुनीता गुप्ता,अरुण शर्मा समेत भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता समेत मुक्ता चौधरी, मीनाक्षी बिष्ट,उत्कर्ष बोरा, गोविंद सिंह बोरा तथा सागर और महेश शामिल थे।